# राजकीय महाविद्यालय करसोग

## जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## (2019-20)

# वार्षिक प्रतिवेदन

(शैक्षणिक सत्र: 2019-20)

## महाविद्यालय: ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

अपने स्थापना वर्ष 1994 से लेकर आज तक अपने 26 साल के सफर में महाविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। करसोग महाविद्यालय की उपलब्धियां इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज़ हैं । महाविद्यालय की स्थापना के समय छात्रों की संख्या केवल 187 थी जो वर्तमान में 1999 हो गयी है । विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। महाविद्यालय ने न केवल संख्या में वृद्धि दर्ज की है अपितु शिक्षा में गुणात्मकता लाने का भी प्रयास किया है । वर्तमान में महाविद्यालय में कला, विज्ञान व् वाणिज्य संकायों में स्नातक स्तर तक शिक्षा प्रदान की जाती है । वर्तमान में अंग्रेजी, हिंदी और राजनीति शास्त्र विषयों में स्नातकोत्तर की कक्षाओं का भी प्रावधान है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केंद्र (IGNOU) के अंतर्गत विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों में अनेक विद्यार्थी शिक्षा अर्जित कर रहे हैं । महाविद्यालय में आधुनिक समय की मांग को समझते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सूचना एवं प्रौद्यौगिक विभाग द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कंप्यूटर लैब भी उपलब्ध है और इसी शैक्षणिक सत्र से कंप्यूटर साइंस का कोर्स भी विद्यार्थियों के लिए प्रारम्भ किया गया है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

## CHOICE BASED CREDIT SYSTEM (CBCS):

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने वर्ष 2013-14 से स्नातक स्तर पर CBCS एवं सत्र प्रणाली लागू की है । वर्तमान में महाविद्यालय में CBCS के अंतर्गत स्नातक स्तर पर सत्र प्रणाली एवं वार्षिक प्रणाली की कक्षाएं तीनों संकायों में सामान रूप से चल रही हैं । इसके अलावा स्नातकोत्तर स्तर पर अंग्रेजी ,हिंदी और राजनीतिक शास्त्र विषयों में भी शिक्षा प्रदान की जा रही है ।

## कार्यग्रहण, नियुक्तियां, स्थानांतरण एवं रिक्तियां :

स्थानांतरण एवं कार्यग्रहण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत कुछ लोग महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित होते हैं तथा कुछ स्थानांतरित होकर अन्य संस्थानों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं।
इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय परिवार में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए हैं:

| *क्र० सं०* | *कर्मचारी का नाम* | *पद* | *जहाँ से स्थानांतरित होकर आए* |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ लाभ सिंह | सहायक आचार्य (अर्थशास्त्र) | राजकीय महाविद्यालय, सिराज (लम्बाथाच) |
| 2 | राहुल शर्मा | सहायक आचार्य (वाणिज्य ) | राजकीय महाविद्यालय , कुकुमसेरी |
| 3 | ऋषभ भारद्वाज | सहायक आचार्य (संगीत ) | प्रतिनियुक्ति |
| 4 | डॉ रेणु | सहायक आचार्य (गणित ) | नवनियुक्ति |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | डॉ संतोष कुमार | सहायक आचार्य (रसायन विज्ञान) | नवनियुक्ति |
| 6 | संत राम | JLA | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ,चुराग |
| 7 | दया राम | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ,कुटाहची |
| 8 | प्रेम लता | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ,झुंगी |
| 9 | खेम राज | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ,करसोग |
| 10 | लाभ सिंह | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ,बखरौट |

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय से निम्न सदस्यों का स्थानांतरण हुआ:

| *क्र० सं०* | *कर्मचारी का नाम* | *पद* | *जहाँ स्थानांतरित हुए* |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ प्रेम प्रकाश | सहायक आचार्य (अर्थशास्त्र ) | राजकीय महाविद्यालय, सिराज (लम्बाथाच) |
| 2 | प्रेम लाल | सहायक आचार्य (संगीत) | राजकीय महाविद्यालय,अर्की |
| 3 | संतोष कुमार | सहायकआचार्य (वाणिज्य) | राजकीय महाविद्यालय,मुल्थान |
| 4 | तारा चंद | SLA | राजकीय महाविद्यालय,हमीरपुर |
| 5 | मानधर | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ,कुटाहची |
| 6 | कौशल्या | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ,झुंगी |
| 7 | चिमत राम | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ,करसोग |
| 8 | नरेश कुमार | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ,बखरौट |

महाविद्यालय में प्रवक्ताओं के कुल 36 पदों में से 22 पद कला संकाय, 11पद विज्ञान व् 3 पद वाणिज्य विभाग के स्वीकृत हैं। कला संकाय में 22 पदों में से 15 पद भरे गये हैं, शेष 7 पद रिक्त हैं। विज्ञान संकाय में 11 पदों में से 7 पद भरे गये हैं, शेष 4 पद रिक्त हैं। वाणिज्य संकाय में 3 पदों में से एक पद रिक्त हैं। गैर

शिक्षक कर्मचारी वर्ग के 23 पदों में 19 पद भरे गये हैं, शेष 4 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों में वरिष्ठ और कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक का 1-1 पद, तबला वादक का 1 पद व् पुस्तकालयाध्यक्ष का 1 पद शामिल हैं।

## केंद्रीय छात्र संघ:

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार 2019 में केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों को शैक्षणिक वरीयता के आधार पर मनोनित किया गया व उन्हें विधिवत शपथ दिलाई गयी। 2019-20 के केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं-:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ध्रुव पंडील, (विज्ञान संकाय) | अध्यक्ष |
| 2 | रोशनी देवी (कला स्नातकोत्तर) | उपाध्यक्ष |
| 3 | पल्लवी (कला संकाय) | सचिव |
| 4 | पूजा देवी (वाणिज्य संकाय) | सहसचिव |

## विद्यार्थियों की संख्या:

वर्तमान में महाविद्यालय में 1999 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसमें 1159 छात्राएं तथा 840 छात्र हैं। अनुसूचित जाति में 227 छात्राएं व् 169 छात्र तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 40 छात्र व् 40 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। महाविद्यालय में गत तीन वर्षों का संकाय तथा कक्षावार विवरण निम्नलिखित है:

| कक्षा | कुल छात्र | | | कुल छात्राएं | | | कुल छात्र /छात्राएं | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
| BA- I | 197 | 231 | 212 | 248 | 298 | 313 | 445 | 529 | 525 |
| BA- II | 171 | 145 | 196 | 281 | 242 | 288 | 452 | 387 | 484 |
| BA- III | 128 | 147 | 138 | 230 | 276 | 237 | 358 | 423 | 375 |
| B.Sc- I | 45 | 60 | 51 | 54 | 59 | 50 | 99 | 119 | 101 |
| BSc- II | 62 | 33 | 41 | 58 | 40 | 55 | 120 | 73 | 96 |
| BSc- III | 48 | 50 | 33 | 60 | 44 | 39 | 108 | 94 | 72 |
| B.Com-I | 50 | 56 | 48 | 29 | 30 | 30 | 79 | 86 | 78 |
| B.Com-II | 55 | 41 | 50 | 42 | 29 | 28 | 97 | 70 | 78 |
| B.Com-III | 55 | 49 | 39 | 21 | 41 | 27 | 76 | 90 | 66 |
| MA English-II | 04 | 2 | 5 | 14 | 4 | 13 | 14 | 6 | 18 |
| MA Hindi-II | 07 | 4 | 6 | 11 | 8 | 24 | 18 | 12 | 30 |
| MA Political Science-II | 12 | 3 | 6 | 18 | 8 | 24 | 30 | 11 | 30 |
| MA English-IV | | 6 | 5 | | 10 | 11 | | 16 | 16 |
| MA Political | | 8 | 5 | | 18 | 12 | | 26 | 17 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Science-IV | | | | | | | | | |
| MA Hindi-IV | | 4 | 8 | | 25 | 20 | | 29 | 28 |
| कुल | 844 | 839 | 840 | 1082 | 1132 | 1159 | 1926 | 1971 | 1999 |

**वार्षिक परीक्षा परिणाम :**

किसी भी शिक्षण-संस्थान की गुणवत्ता वहां के शैक्षणिक वातावरण व परीक्षा परिणामों पर निर्भर करती है। महाविद्यालय का परीक्षा-परिणाम विश्वविद्यालय के परिणामों से अपेक्षाकृत बेहतर है। गत सत्र का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा है:

| **Class** | **College %** | **University %** | **Variation %** |
|---|---|---|---|
| MA Eng lish, Hindi and Political Science | 100% | NA | NA |
| BA I | | -- | - |
| B Sc I | | | |
| B Com I | | | |
| BA II | | | |
| B Sc II | | | |
| B Com II | | | |
| BA III | 89.25 % | -- | -- |
| B Sc III | 86.66 % | -- | -- |
| B Com III | 96.29 % | -- | -- |

**छात्रवृत्तियाँ:**

महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना,EBC,अनुसूचति जाति, IRDP, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति, इंदिरा गाँधी मेरिट छात्रवृति ,सेन्ट्रल सेक्टर सकीम एवं डॉ. अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।

**महाविद्यालय पत्रिका: "कामाक्षा":**

महाविद्यालय पत्रिका "कामाक्षा" का प्रकाशन प्रतिवर्ष किया जाता है जो भावी लेखकों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। इस पत्रिका में विद्यार्थियों को छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए अपनी रचनात्मकता व् सृजनशीलता को पुष्ट करने का अवसर मिलता है। कामाक्षा पत्रिका महाविद्यालय के उभरते हुए लेखकों के

लिए एक सार्थक मंच है जिसमें वे अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से अपने मन के उदगारों को व्यक्त करते हैं।

## पुस्तकालय:

पुस्तकालय महाविद्यालय की आत्मा होती है। अतः पुस्तकालय की समृद्धि पर ही छात्रों का विकास निर्भर रहता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में विविध विषयों से सम्बंधित 13,731 पुस्तकें उपलब्ध हैं। छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु 30 पत्रिकाओं व् 6 अंग्रेज़ी- हिंदी समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है।

## अभिभावक-शिक्षक संघ:

इस महाविद्यालय में अभिभावक- शिक्षक संघ का विधिवत पुनर्गठन 10 अगस्त ,2019 को अभिभावक-शिक्षक संघ की मुख्य संरक्षिका प्राचार्या महोदया की देख-रेख में हुआ जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया:

| | |
|---|---|
| *अध्यक्ष* | श्री मनमोहन गुप्ता |
| *उपाध्यक्ष* | श्री दलीप शर्मा |
| *सचिव* | डॉ. गुलशन महाजन |
| *सह सचिव* | बविता ठाकुर |
| *कोषाध्यक्ष* | श्री बृजभूषण |
| *सलाहकार* | श्री हरिओम गुप्ता |

अभिभावक-शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न विषयों में 7 प्राध्यापकों, तबला वादक, 2 सफाई कर्मचारियों, एक सुरक्षा कर्मचारी व् 1 कंप्यूटर संचालक की सेवाएं उपलब्ध करवाई गयी तथा महाविद्यालय के सृजनात्मक एवं विकासात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## शिक्षेत्तर गतिविधियाँ:

शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे समाज में अपनी सफल भूमिका निभा सकें। शिक्षेत्तर गतिविधियाँ शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और महाविद्यालय समय-समय पर सांस्कृतिक, खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों का आयोजन करता रहता है । इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में अनेक गतिविधियों में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर सत्र को यादगार बनाया:

1. महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय की NCC/NSS/R&R इकाई द्वारा 21 जून 2019 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें महाविद्यालय के लगभग 160 छात्र- छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लिया।

2. 01जुलाई, 2019 को महाविद्यालय में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्या महोदया द्वारा कला स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों एवं शिक्षा के महत्व के बारे में अवगत कराया गया।
3. महाविद्यालय में 20 अगस्त, 2019 को विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं प्रदर्शित करने हेतु अंतर्संकाय प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न संकायों के छात्रों ने भाग लिया।
4. 28 अगस्त ,2019 को रेड रिबन क्लब द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई।
5. 29 अगस्त ,2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया जिसमें विभिन्न खेलकूद स्पर्धा करवाई गई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को खेल सद्भावना की शपथ भी दिलवाई गयी
6. 5 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया।
7. साहित्य परिषद के अंतर्गत अंग्रेजी विभाग द्वारा दो दिवसीय अंग्रेजी साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि प्रो. वी. पी. शर्मा रहे इस अवसर पर डॉ जैनेश कपूर, प्राचार्य दाड़लाघाट भी मौजूद रहे। हिंदी विभाग के द्वारा 14 सितंबर, 2019 को हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता, काव्य-पाठ व् प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इस अवसर पर प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय करसोग ने विद्यार्थिओं को हिंदी भाषा की महत्ता से अवगत करवाया।
8. 21 सितम्बर 2019 को महाविद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें CSCA के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्राचार्या महोदया द्वारा सदाचरण एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।
9. महाविद्यालय की NSS, NCC और R&R के विद्यार्थियों द्वारा 2 अक्तूबर,2019 को सफाई अभियान चलाकर आम जनता को जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या महोदया ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को श्रध्दासुमन अर्पित किये तथा विद्यार्थियों से सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का अनुग्रह किया। विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी भाषा के उच्चारण की बारीकियों को समझाया।

**कन्या छात्रावास:**

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए कन्या छात्रावास की सुविधा भी है। छात्रावास में वर्तमान में छात्राओं की संख्या 30 है।

**रंगकर्म कार्यशाला:**

प्रतिवर्ष की भांति इस सत्र में भी महाविद्यालय में सितम्बर मास में ड्रमैटिक क्लब के समन्वयक श्री कुलभूषण शर्मा व् सोहन कपूर द्वारा संचालित रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 32 छात्र तथा छात्राओं ने रंगमंच के गुर सीखे। इस कार्यशाला में नव रंगकर्मियों ने अभिनयकला की बारीकियों- आंगिक- वाचिक आहार्य अभिनयपक्ष व् संवाद पर काम करते हुए अपने अंदर के कलाकार को जगाने का प्रयास किया। ड्रमैटिक क्लब के कलाकारों ने महाविद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में अपनी कला के माध्यम से सभी का मनोरंजन करते हुए 27 मार्च 2019 को एक सकारात्मक सन्देश प्रदान किया गया। महाविद्यालय में प्रथम बार विश्व रंगमंच दिवस मनाया गया जिसमें मुंशी प्रेमचंद की बहुचर्चित कहानी "बड़े भाई साहब" और ग्रीक

माइथोलॉजी पर आधारित नाटक "जजमेंट ऑफ़ पेरिस" का मंचन किया गया । 31 जुलाई, 2019 को ड्रमैटिक क्लब, राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा हिंदी साहित्य जगत के पुरोधा, महानायक और महान लेखक मुंशी प्रेमचंद की जयंती के उपलक्ष पर उनकी तीन कालजयी कहानियों– "ईदगाह," "कफ़न," और "सद्गति" पर आधारित नाटकों का मंचन किया।

## कैरियर कॉउंसलिंग सेल:

विद्यार्थियों के लक्ष्य को सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग सेल भी बनाया गया है| इस सेल के अंतर्गत समय-समय पर छात्रों को कैरियर संबंधी जानकारी दी जाती है| इस सत्र में भी विद्यार्थियों की काउंसलिंग की गई| महाविद्यालय में व्याख्यान श्रंखला के अंतर्गत एस.डी.एम. करसोग श्री अपूर्व देवगन (आई.ए. एस.) ,मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा विषय विशेषज्ञ श्री हेमराज व्यास (असिस्टेंट कमांडर) ने सेंट्रल आर्म्ड फोर्स एग्जामिनेशन विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया| महाविद्यालय में इसी कड़ी के चलते 26 मार्च को डॉक्टर दीपा शर्मा, प्रिंसिपल गवर्मेंट कॉलेज करसोग की उपस्थिति में श्री देवेंद्र जी, टेक्निकल ऑफिसर एसबीआई चंडीगढ़ ने प्रवक्ता के रूप में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें जॉब अपॉर्चुनिटी इन बैंकिंग सेक्टर पर जानकारी प्रदान की गई| इस सत्र में 59 विद्यार्थी उपस्थित रहे| प्राचार्या महोदया, डॉ. दीपा शर्मा की उपस्थिति में ब्राइट अकैडमी शिमला के श्री विक्रम जी ने विभिन्न क्षेत्रों में करियर अपॉर्चुनिटी पर कुछ महत्वपूर्ण बातें रखी जिसमें महाविद्यालय के 106 विद्यार्थी उपस्थित रहे | 5 अगस्त, 2019 को महाविद्यालय के 140 विद्यार्थियों को सीए CAT, SSC, बैंकिंग सेक्टर की परीक्षा संबंधी जानकारी दी गई जिसमें कुशल ,इंदर कुमार, मोनिका पाल, सरफराज अंसारी ने कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर बात रखी | इस सत्र में 140 विद्यार्थियों ने भाग लिया|

## राष्ट्रीय संगोष्ठी (National Conference):

राजकीय महाविद्यालय करसोग में दिसम्बर 12-13, 2019 को "Rethinking the Himalayas: Its Scope and Protection" नामक विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रवक्ताओं व शोधार्थियों ने भाग लिया । इस संगोष्ठी में पंजाब विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. राजकुमार ठाकुर, केन्द्रीय विश्वविद्यालय काँगड़ा के डीन ऑफ लैंग्वेजेज, प्रो. रोशन लाल शर्मा, हिमालयन इंस्टिट्यूट के समन्वयक डॉ. एस. एस. सामंत, प्रो. मिनाक्षी ऐंफ़. पॉल, डॉ. कमल कान्त, डॉ. जनेश कपूर, प्रो. प्रशांत गौतम, डॉ. अनिल कुमार सिंह और डॉ. एस. गौड़ ने मुख्य वक्ता और विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने वक्तव्य को साँझा किया। इस संगोष्ठी में हिमालय और पर्यावरण विषय पर चिंतन और मनन किया गया।

## हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह:

इस सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह में महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का मान बढ़ाया तथा ग्रुप एक, तीन तथा ग्रुप चार में क्रमशः भाग लिया।

1. *युवा समारोह (ग्रुप-III):* राजकीय महाविद्यालय, हमीरपुर में अक्टूबर, 2019 को आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह (ग्रुप-3) में विद्यार्थियों ने डॉ विनोद कुमार (सहायक आचार्य, संगीत ) के मार्गदर्शन में पारम्परिक नृत्य में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।
2. *युवा समारोह (ग्रुप-IV):* राजकीय महाविद्यालय करसोग के ड्रैमेटिक क्लब के रंगकर्मियों ने कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग) के मार्गदर्शन में गौतम गर्ल्स महाविद्यालय, हमीरपुर में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह ग्रुप-IV में नाटक, प्रहसन, मूक-अभिनय और मिमिक्री में भाग लिया तथा मूक-अभिनय में प्रशंसनीय प्रदर्शन करते हुए तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

**एन० सी० सी० (NCC):**

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। N.C.C ANO डॉ० यमुना शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई ने निम्नलिखित गतिविधियों में भाग लिया:

1. महाविद्यालय के 30 छात्रों ने N.C.C "C" तथा 31 कैडेट ने "B" सर्टिफिकेट के लिए आयोजित परीक्षा में भाग लिया।
2. महाविद्यालय के 74 कैडेट ने HPBOYSBN NCC सोलन द्वारा Chitkara University में आयोजित "संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर " CATC कैंप, में भाग लिया।
3. महाविद्यालय की 2 छात्राओं ने बैजनाथ में आयोजित राष्ट्र स्तरीय "HIM ट्रेकिंग कैंप" में भाग लिया।
4. महाविद्यालय की एक कैडेट ने थल सेना सिलेक्शन कैंप में भाग लिया।
5. महाविद्यालय के 3 कैडेट ने मलोट, पंजाब में आयोजित "Advance Leadership" कैंप में भाग लिया।
6. महाविद्यालय के 9 कैडेट ने नौणी यूनिवर्सिटी में आयोजित "Basic Republic Day" कैंप में भाग लिया।
7. महाविद्यालय के कैडेट ने 11 डोगरा रेजिमेंट सोलन दवारा आयोजित "आर्मी अटेचमेंट कैंप" में भाग लिया।
8. महाविद्यालय में आयोजित 15 दिवसीय एक्टिविटी कैंप में भी सफाई और वातावरण के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
9. महाविद्यालय की एक कैडेट ने 86 UKBN NCC पिथौरागढ़, उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्र स्तरीय "रॉक क्लाइम्बिंग ट्रेनिंग कैंप" में भाग लिया।
10. महाविद्यालय में 24 नवम्बर, 2019 को NCC दिवस भी मनाया गया।
11. महाविद्यालय के कैडेट्स ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त, 2019 और 26 जनवरी, 2020 में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए कई अन्य कार्यों में अपना सहयोग दिया।

12. महाविद्यालय NCC यूनिट के 04 कैडेट्स: कमलेश कुमार ,अनिल कुमार ,जगदीश कुमार और चेत राम भारतीय थल सेना में भर्ती हुए।

इसके अतिरिक्त हमारे कैडेट्स ने प्रत्येक गतिविधियों जैसे जागरूकता रैली, पौधारोपण तथा स्वतन्त्रता दिवस परेड में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS):

महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की तरह स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, जागरूकता व् पौधारोपण में सक्रिय भाग लिया । इस सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:

1. *प्री-आर डी कैंप: (Pre-RD Camp):* राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी निशांत ठाकुर और रजनी कांत आजाद ने दिसंबर 12, 2018 से 21, 2018 तक चितकारा विश्वविद्यालय राजपुरा, पंजाब में आयोजित प्री-आर डी कैंप में भाग लिया ।
2. *राष्ट्रीय युवा दिवस (National Youth Festival):* राजकीय महाविद्यालय करसोग के दो स्वयंसेवियों दीपक शर्मा और सोनिया ने 12 जनवरी, 2020 से 16 जनवरी 2020 तक लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय युवा समारोह में भाग लिया।
3. *राष्ट्रीय एकता शिविर (NIC):* महाविद्यालय के दो स्वयंसेवी दीपक शर्मा और प्रियंका ने फरवरी 24, 2020 से मार्च 01, 2020 तक MNC DAV Kangra में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया।
4. *एन. एस. एस. स्टेट मेगा कैंप (NSS State Mega Camp):* राजकीय महाविद्यालय करसोग के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस सत्र में हमें राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना मेगा शिविर के आयोजन का सुअवसर प्राप्त हुआ। इस शिविर के दौरान विन्भिन्न गतिविधियाँ जैसे कि स्वच्छ भारत अभियान रैली, नशा निवारण रैली, पॉलिथीन हटाओ अभियान का आयोजन भी किया गया । शिविर में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण को विस्तृत किया तथा क्यारियां बनायीं व् पौधारोपण किया। स्वयंसेवियों ने समाज में अपनी भागीदारिता सुनिश्चित करते हुए लोगों को स्वच्छता अभियान के तहत उन्हें जागरूक किया तथा ममलेश्वर महादेव मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर ममेल में श्रमदान किया। शिविर में अकादमिक सत्र में स्वयंसेवियों के व्यक्तित्व संवर्धन हेतु कार्यक्रम रखे गए जिसमें विषय विशेषज्ञों ने स्वयंसेवियों को उदात्त गुणों को आत्मसात करते हुए समाज के प्रति सजग रहते हुए उन्हें सामाजिक कार्य के लिए प्रेरित किया । इस शिविर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें इस महाविद्यालय के इतिहास में सर्वाधिक 105 यूनिट रक्त दान हुआ और इस विशेष उपलब्धि के लिए महाविद्यालय को CMO,स्वास्थ्य विभाग मंडी द्वारा Best Peformance Award से नवाज़ा गया। इसी शिविर में प्री-आर डी कैंप के लिए चयन भी किया गया। शिविर के समापन कार्यक्रम में मंडी संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री राम स्वरूप जी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे और कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य अधिकारी डॉ. एच. एल. शर्मा और अध्यक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. बी. आर. ठाकुर मौजूद रहे। मेगा शिविर में हिमाचली, को नारा लेखन में तृतीय, पेनल डिस्कशन में गायत्री को प्रथम, नृत्य में दीपिका और बबली को क्रमशः द्वितीय और तृतीय पुरस्कार, भाषण प्रतियोगिता में नेहा शर्मा को तृतीय, एकल अभिनय में रीता देवी, हितेश और रविनाक्षी ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस शिविर में प्रियंका को Best in Parade और खुरेंदर को Best Camper चुना गया ।

5. *साम्प्रदायिक सद्भावना सप्ताह:* राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 20 अगस्त, 2019 से 26 अगस्त, 2019 तक सद्भावना दिवस मनाया। इस सप्ताह के दौरान अपनी प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन करते हुए स्वयंसेवियों ने काव्य-पाठ के माध्यम से देश की समसामयिक समस्याओं को उजागर किया। स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नृत्यनाटिकाओं के माध्यम से अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने व् सौहार्दपूर्ण जीवनयापन का सन्देश दिया।
6. *15 अगस्त, 2019* को महाविद्यालय के 16 स्वयंसेवियों ने Block Level Independance Day Parade में भाग लिया।
7. Self Financing Unit (SFU): महाविद्यालय में इस वर्ष से Self Financing Unit (SFU) भी शुरू किया गया जिसमें 100 स्वयंसेवी पंजीकृत किए गए। हिमाचल प्रदेश के महाविद्यालयों में राजकीय महाविद्यालय सीमा के पश्चात यह दूसरा महाविद्यालय है जहाँ पर Self Financing Unit (SFU) शुरू किया गया है।
8. *मुख्यमंत्री राहत कोष में अनुदान:* राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 11000 रूपये का अनुदान मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान किया।
9. Best Volunteers: शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दीपक शर्मा (पुरूष) और प्रियंका (महिला) को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए Best Volunteers चुना गया ।

   इसके अतिरिक्त स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न आयोजनों तथा अन्य दिवसों में अपनी भागीदारिता सुनिश्चित की।

## रोवर्ज एण्ड रेंजर्स (R&R):

इस महाविद्यालय में रोवर इकाई श्री पंकज गुप्ता एवं रेंजर्स इकाई सुश्री वर्षा वर्मा के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। इस सत्र में रोवर्ज एण्ड रेंजर्स की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:

1. 05 से 14 मार्च, 2019 तक राजकीय महाविद्यालय करसोग में "प्रवेश बैज टेस्टिंग कैंप" आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्काउटिंग बेसिक नॉलेज, पायनियरिंग, डिजास्टर मैनेजमेंट, हैंडीक्राफ्ट मेकिंग, क्विज, पैनल डिस्कशन और अग्रणी कार्य आदि गतिविधियों में भाग लिया । अंततः 29 रोवर एवं रेंजर्स ने "प्रवेश बैज" उत्तीर्ण किया।
2. 10 मार्च, 2019 को 06 रोवर्स और रेंजर्स के समूह ने "पोलियो टीकाकरण अभियान" के तहत पोलियो बूथ सानना पंचायत, करसोग में सेवाएं प्रदान की।
3. 22 मार्च, 2019 को "विश्व जल दिवस" के अवसर पर रोवर एवं रेंजर्स इकाई द्वारा कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया।
4. 05 जून , 2019 को रोवर्स और रेंजर्स ने मोक्ष धाम –जगायती, करसोग में पेड़ लगाकर "विश्व जल दिवस" मनाया।
5. 09-13 जुलाई, 2019 को 05 रोवर्स और 05 रेंजर्स ने "एसटीसी में राज्य स्तरीय निपुन परीक्षण शिविर" में कठोर परीक्षण के बाद स्काउटिंग के "निपुण स्तर" को प्राप्त किया।

6. 16 रोवर एवं रेंजर्स ने करसोग में आयोजित "सब डिवीजनल स्वतंत्रता दिवस समारोह 2019-" में भाग लिया।
7. सिमरन रेंजर द्वारा व्यक्तिगत समुदाय आधारित परियोजना के अंतर्गत"अपशिष्ट पदार्थों से जल शोधक" तैयार किया और दो पंचायतों में जलजनित रोगों पर आधारित सामुदायिक संवेदीकरण अभियान चलाया।
8. लोकसभा चुनाव के दौरान रोवर एवं रेंजर्स ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल करसोग के चुनाव बूथ में सेवाएं प्रदान की गई।
9. 24 से 28 अगस्त, 2019 एसटीसी में 02 रोवर्स और 02 रेंजर्स ने "राज्य स्तरीय युवा मंच" में भाग लिया।
10. 01 से 04 सितंबर,2019 रोवर्स और रेंजर्स ने "प्लास्टिक और अपशिष्ट पदार्थों से इको-फ्रेंडली मैट बनाने की कार्यशाला" में भाग लिया।जहाँ छात्रों द्वारा मैट तैयार की गई।
11. 26 से 30 सितंबर,2019 में "स्टेट लेवल आर एंड आर मूट" में हमारी यूनिट ने चार राज्य स्तरीय पुरस्कार जीते हैं, जिसमें पायनियरिंग तथा प्रदर्शनी में दूसरा , फूड प्लाजा में और वन एक्ट प्ले में तीसरा पुरस्कार जीता।
12. 04 से 10 अक्टूबर, 2019 को इकाई द्वारा सामुदायिक सेवाओं के अंतर्गत "महामाया चंडी मंदिर-सनारली" में सामुदायिक दावत दौरान सेवाएं प्रदान की गई।
13. 02 नवंबर,2019 को इकाई द्वारा "कजौनी नाग मंदिर में वृक्षारोपण और परिसर की सफाई" की गई।
14. 04 से 19 नवंबर,2019 तक इकाई की चार रेंजरों को पंद्रह दिनों के प्रशिक्षण के बाद सिविल अस्पताल-करसोग से "एम्बुलेंस बैज" प्राप्त हुआ।
15. 07 नवंबर,2019 इकाई द्वारा "फ्लैग डे" कॉलेज परिसर में मनाया गया जहाँ पोस्टर मेकिंग, नारा -लेखन, रंगोली और मेहेदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
16. 26 नवंबर,2019 को "ममलेश्वर महादेव मंदिर" में बूढ़ी दीवाली के दौरान सेवाएं प्रदान की गई।
17. 04 से 11 नवंबर,2019 तक राजकीय महाविद्यालय करसोग में "प्रवेश बैज टेस्टिंग कैंप" आयोजित किया गया ,अंततः 45 रोवर एवं रेंजर्स ने "प्रवेश बैज" उत्तीर्ण किया।
18. 14 से 19 नवंबर, 2019 तक 50 स्वयंसेवकों ने सिविल अस्पताल करसोग में आयोजित देव महासू सोसायटी और सिविल अस्पताल करसोग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "रेक्टोअनल क्षार सूत्र शिविर" में सेवाएं प्रदान की।
19. 14 से 19 नवंबर,2019 तक इकाई द्वारा आयुक्त मंडी के निर्देशन में "मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ सामुदायिक संवेदनशीलता" के लिए प्रभात फेरी में भाग लिया।
20. 28 नवंबर से 20 दिसंबर ,2019 तक *"06 रेंजर्स और 06 रोवर्स ने ओडिशा राज्य के खोरदा में शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में* ***"राष्ट्रीय स्तर की रोवर और रेंजर जंबोरी"*** में भाग लिया। हमारे कॉलेज के लिए अति हर्ष और गौरव की बात है कि हमारे छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर समूह गान में *प्रथम* स्थान और रगोली में *तीसरा* स्थान प्राप्त किया।
21. यह गर्व का विषय है कि 04 रेंजर्स और 04 रोवर्स ने ***"स्टेट लेवल गणतंत्र दिवस परेड -2020"*** में भाग लिया।
22. 19 जनवरी, 2020 को रोवर्स और रेंजरों ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग के "पोलियो इम्यूनिटी कैंपेन" के दौरान सनारली और बंथल में पोलियो बूथ में सहायता की।
23. 26 जनवरी, 2020 को 11 रोवर्स और रेंजरों ने "ब्लॉक स्तर गणतंत्र दिवस परेड -2020" में भाग लिया।

24. 19 से 22 फरवरी तक 37 रोवर्स और रेंजरों ने "विश्व चिंतन दिवस" के अवसर काहणी मंदलाह में सामुदायिक जल संसाधन (बावड़ी) की सफाई ,मरम्मत और कायाकल्प किया गया। इसके साथ पंचायत क्षेत्र में वृक्षारोपण भी किया गया।

Best Volunteers: शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए रोवर एवं रेंजर्स इकाई से उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए *तरुण कपूर* को उत्कृष्ट रोवर एवं *सिमरन ठाकुर* को उत्कृष्ट रेंजर चुना गया ।

## खेलकूद गतिविधियाँ:

अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों का भी विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। इस सत्र में खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं जैसे वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बॉक्सिंग, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, बैडमिंटन और एथलेटिक्स में भाग लिया।

इस सत्र में हमारे महाविद्यालय की बॉक्सिंग टीम का प्रदर्शन सराहनीय रहा। पुरूष वर्ग में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में आयोजित अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता में कविराज *ने* तीसरी बार लगातार *कांस्य पदक* हासिल किया।

29 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विभिन्न खेल-प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें सर्वश्रेष्ठ एथलिट छात्र वर्ग में वीरेंदर बी. ए.प्रथम वर्ष, छात्रा वर्ग में ईशा बी.ए. पांचवां सत्र चयनित हुए।

## शिक्षक वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियां:

महाविद्यालय के प्राध्यपक अध्यापन के साथ -साथ अध्ययन में भी संलग्न रहते हुए अपनी प्रतिभा को विकसित करते रहते हैं। इस सत्र में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषयों में विभिन्न स्थानों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए और प्रस्तोता के रूप में विभिन्न स्थानों पर व्याख्यान दिए ।

1. *श्री सुदामा राम* (सह आचार्य, भूगोल विभाग) ने राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में अपना शोधपत्र "Conservation status of Imla-Bimla Stream: An Overview" विषय पर प्रस्तुत किया जिसमें इमला विमला स्ट्रीम को प्राथमिकता के आधार पर संरक्षित करने पर बल दिया क्योंकि यह स्ट्रीम इस घाटी के स्थानीय निवासियों के लिए जीवनदायिनी के रूप में वरदान है।

2. *डॉ बीरबल सिंह* (सहायक आचार्य, संस्कृत) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से अक्टूबर 2019 में 14 दिन का रिफ्रेशर कोर्स 'ए' ग्रेड में उत्तीर्ण किया।

3. *डॉ लाभ सिंह* (सहायक आचार्य,अर्थशास्त्र) ने राजकीय महाविद्यालय करसोग में 12 और 13 दिसंबर, 2019 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में अपना शोध पत्र "Rationality and Perspectives of Traditional Crops and Natural Farming in Western Himalayan Regions" प्रस्तुत किया।

4. *श्री कुलभूषण शर्मा* (सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग) ने दिसम्बर 04-05, 2019 में St. Bedes' College में ELTAI द्वारा आयोजित "Culture, Language and Literature" विषय पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Teach and Reach: Reinventing the Art of Teaching through Soft Skills" नामक शोधपत्र प्रस्तुत किया।
   - इन्होनें SCERT सोलन में सितम्बर 11 से 13, 2019 तक उच्च शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित "Translation Workshop" में भाग लिया।
   - इन्होंने भाषा संस्कृति विभाग द्वारा सितम्बर माह में आयोजित गेएटी थिएटर में काव्य गोष्ठी में कविता पाठ किया।
   - श्री कुलभूषण शर्मा ने दिसम्बर 12-13, 2019 को राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित "Rethinking the Himalayas: Its Scope and Protection" विषय पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "The Himalayan Bond: The Ecocritical Perspectives in Ruskin Bond's Writings" नामक शोधपत्र प्रस्तुत किया और राष्ट्रीय संगोष्ठी के समन्वयक के रूप में भी अपनी भूमिका निभाई।
   - कुलभूषण शर्मा ने सितम्बर 24-28, 2019 में राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित NSS स्टेट मेगा शिविर में शिविर समन्वयक के रूप में योगदान दिया।
   - कुलभूषण शर्मा ने University of Jammu द्वारा संचालित स्नातक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी विषय में Board of Studies के सदस्य के रूप में भी कार्य किया।
   - इसके अतिरिक्त इन्होंने राजकीय महाविद्यालय दारलाघाट और राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, करसोग में NSS Seven-Days शिविर में Resource Person के रूप में स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया।

5. *डॉ विनोद कुमार* (सहायक आचार्य, संगीत) ने मार्च 2019 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से अभिविन्यास कार्यक्रम 'ए' ग्रेड में पूर्ण किया।

6. *श्री पंकज गुप्ता* (सहायक आचार्य, जीव विज्ञान) ने 15 जून 2019 से 21 जून 2019 को State Level Basic Course for Ranger Scout Leader Training Course में प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया|

   - फर्स्ट स्टेट लेवल स्काउटर कॉन्फ्रेंस में भी इन्होंने भाग लिया। यह कॉन्फ्रेंस 24 से 28 जनवरी 2020 तक त्रिवेंद्रम केरल में आयोजित की गई थी।
   - जुलाई 2019 में इन्होंने राज्यस्तरीय राज्य पुरस्कार Testing camp रिवालसर में सहायक के रूप में अपनी भूमिका निभाई |
   - इन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से 14 दिन का रिफ्रेशर कोर्स 'ए' ग्रेड में उत्तीर्ण किया।

7. *सुश्री वर्षा वर्मा* (सहायक आचार्य, समाजशास्त्र) ने "State level basic course for Trainer Scout leader training course" में रेन्जर लीडर का प्रशिक्षण किया जो STC रिवालसर, जिला-मंडी, हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया गया था।

- फर्स्ट स्टेट लेवल स्काउटर कॉन्फ्रेंस में भी इन्होंने भाग लिया। यह कॉन्फ्रेंस 24 से 28 जनवरी 2020 तक त्रिवेंद्रम केरल में आयोजित की गई थी।
- नेशनल कॉन्फ्रेंस "Globalization and Its Impact on India" विषय पर जे. एन. वी. गवर्नमेंट कॉलेज हरिपुर, मनाली जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश में भी भाग लिया।

8. *श्री पुनीत ठाकुर* (सहायक आचार्य, वाणिज्य) ने HGCTA द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया जिसका विषय "Issues and Challenges in Higher Education-II" रहा। इस सम्मेलन का आयोजन 5 दिसंबर , 2019 को पीटरहॉफ शिमला में किया गया।

   - राजकीय महाविद्यालय करसोग में 12 और 13 दिसंबर, 2019 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में " Social Implications of Hydro Power Projects for Tribal Communities of Kinnaur in Himalayan Region : Need for Social Work Intervention"अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
   - हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शैक्षिक संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन विषय "राष्ट्र निर्माण के लिए उच्च शिक्षा" में भाग लिया जिसका आयोजन 2 जनवरी 2020 को राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान शिमला में किया गया ।

9. *श्रीमती सोनिया चौधरी* (सहायक आचार्य, राजनीतिक शास्त्र) ने जे.एन.वी. राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली, कुल्लू में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन "Globalization and Its Impact on India" में भाग लिया जिसका आयोजन 7 और 8 अप्रैल 2019 को किया गया।
   - इन्होंने महाविद्यालय में एन एस एस (SFU) प्रभारी का कार्यभार अप्रैल 2019 में संभाला।

10. *डॉ. लीलाधर* (सहायक आचार्य, अंग्रेजी) का शोधपत्र "Nature- Women Proximity: An Ecofeminist Reading of S.R. Harnots "The Reddening Tree" Labyrinth International Journal में अप्रैल 2019 को प्रकाशित हुआ ।
    - इन्होंने "Eco-Feminism and Folk Culture: Exploring Select Folk Songs of Himachal Pradesh" नामक शोध पत्र राष्ट्रीय संगोष्ठी गवर्नमेंट कॉलेज करसोग मैं प्रस्तुत किया।
    - "Post-Partition Nostalgia: A Study of Intizar Husain's Basti" नामक शोध पत्र हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत किया।
    - हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार "Migration and Nostalgia: Australia, New Zealand, India में भी इन्होंने भाग लिया। इन्होंने HGCTA द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया जिसका विषय "Issues and Challenges in Higher Education-II" रहा।
11. *डॉ. सुमेधा शर्मा* (सहायक आचार्य, हिन्दी) ने अक्टूबर 2019 में हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय से अभिविन्यास कार्यक्रम 'ए' ग्रेड में पूर्ण किया।

12. *डॉ. पंकज शर्मा* (सहायक आचार्य, वनस्पति विज्ञान) ने HGCTA द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया जिसका विषय "Issues and Challenges in Higher Education II" रहा। इस सम्मेलन का आयोजन 5 दिसंबर , 2019 को पीटरहॉफ शिमला में किया गया।

- राजकीय महाविद्यालय करसोग में 12 और 13 दिसंबर, 2019 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में इन्होंने महासचिव की भूमिका निभाई एवं "Lesser Known Edible Plants of Karsog Valley" नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- "Rangers and Forest Training College, SunderNagar" में इन्होंने 17 जनवरी 2020 को औषधीय पौधों पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। इन्होंने 4 जनवरी, 2020 को Hotel Holiday Home Shimla में "Preparation of Biodiversity Register" की बैठक में भाग लिया। राष्ट्रीय पत्रिका "मौसम" में इनका "Climate Variability During Different Phenophases and its Impact on Temperate Fruit Crops" नामक शोध पत्र प्रकाशित हुआ।

13. *डॉ संतोष कुमार,* (सहायक आचार्य, रसायन विज्ञान) ने 3 से 7 जनवरी 2020 तक कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित “107$^{th}$ इंडियन साइंस कांग्रेस” सम्मेलन में "Use of Metal-Organic frameworks in Optical device" नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

14. श्रीमती सोनिया चौधरी, डॉ. लीलाधर व डॉ. सुमेधा शर्मा ने GCTE धर्मशाला में उच्च शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित 14 दिन का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

धन्यवाद!

जय हिन्द!